भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्

CENTRAL COUNCIL OF INDIAN MEDICINE

(भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 के अधीन गठित)

(Constituted under I.M.C.C. Act, 1970)

वार्षिक प्रतिवेदन और परीक्षित लेखा

(1991-92)

Annual Report and Audited Accounts

(1991-92)

1ई/6,स्वामी रामतीर्थ नगर, नई दिल्ली- 110055

1E/6, Swami Ramtirth Nagar, New Delhi-110055

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्







भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद

नई दिल्ली - 110 055
वर्ष 1991-92 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के अधीन गठित एक सांविधिक निकाय है। प्रथम परिषद का गठन 1971 में किया गया था। भारत के असाधारण राजपत्र भाग II खण्ड 3 उपखण्ड (ii) दिनांक 7.5.84 में भारत सरकार की अधिसूचना के द्वारा परिषद का पुनर्गठन 1984 में किया गया था।

केन्द्रीय परिषद के प्रमुख प्रयोजन निम्न हैं :—

(i) भारत चिकित्सा पद्धति यथा आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी के पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षा के न्यूनतम मानक विहित करना।

(ii) भारतीय चिकित्सा की चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता से सम्बन्धित विषयों पर केन्द्र सरकार को परामर्श देना।

(iii) भारतीय चिकित्सा की केन्द्रीय पंजिका का रख-रखाव और समय-समय पर उसे परिशोधित करना।

(iv) भारतीय चिकित्सा के चिकित्साभ्यास को विनियमित करना और चिकित्साभ्यासियों के आचरण एवं शिष्टाचार तथा आचार संहिता के मानक विहित करना।

स्थापना वर्ष 1971 से ही केन्द्रीय परिषद स्नातकीय और स्नातकोत्तर स्तरों पर भारतीय चिकित्सा पद्धति अर्थात् आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी की पाठ्यविधि एवं पाठ्य विवरण सहित विभिन्न विनियमों को जारी एवं लागू करती रही है।

भारतीय चिकित्सा पद्धति के लगभग समस्त महाविद्यालय देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध हैं। ये महाविद्यालय परिषद द्वारा विहित शिक्षा के न्यूनतम स्तर जिनमें पाठ्यविधि पाठ्य विवरण सम्मिलित है का अनुसरण कर रहे हैं।

केन्द्रीय परिषद के निम्न सदस्य हैं : —

आयुर्वेद

1. डा० डी. राधाकृष्ण मूर्ति
2. डा० पी. वी. शनकोपाचार्य
3. डा० सुकुमार भट्टाचार्जी
4. डा० देवव्रत नारायण सिंह
5. डा० महेश्वर पाण्डे
6. डा० इन्द्रमोहन झा
7. डा० अलख नारायण सिंह
8. डा० जनार्दन एन. दवे
9. डा० दिनेश आर. पटेल
10. डा० कृष्ण चन्द्र शर्मा
11. डा० गुलशन राय शर्मा
12. कविराज भूपेन्द्र नाथ गुप्त
13. वैद्य गौरीशंकर द्विवेदी
14. वैद्य पंचैया होशमठ
15. डा० ए. सी. राहुलकुमार
16. डा० के. माधवन नायर
17. वैद्य पं. महेशदत्त शर्मा शास्त्री
18. डा० प्रसन्न कुमार जैन
19. वैद्य हरिकृष्ण एस. जोशी
20. डा० एस. आई. नागराल
21. डा० स्वप्नेश्वर पण्डा
22. वैद्य प्रमोद कुमार तिवारी
23. वैद्य मदन मोहन पुष्करणा
24. वैद्य उदय शंकर शर्मा
25. वैद्य गोकुलेन्द्र शर्मा
26. डा० वी नारायण स्वामी
27. डा० राम प्रकाश गुप्ता
28. डा० हुकम चन्द शर्मा
29. डा० प्रेमदत्त शर्मा
30. डा० आनन्द राय
31. डा० पी. शेषी रेड्डी
32. वैद्य के. के. पाण्डे
33. डा० कनकसिंह खीमा भाई झाला
34. वैद्य श्यामलाल वशिष्ठ (शास्त्री)
35. डा० एन. लिंगराजना
36. डा० एस. वी. सावदी
37. डा० के. पी. श्री कुमारी अम्मा
38. डा० सच्चिदानन्द उपाध्याय
39. डा० ए. के. दुलानी
40. वैद्य पं० शिवकरण शर्मा छांगाणी
41. वैद्य श्रीकृष्ण गोविन्द फड़के
42. डा० कृष्ण भट्ट कंतजा
43. वैद्य राधाकृष्ण शेखर वारे
44. वैद्य शिवकुमार मिश्र
45. वैद्य जगन्नाथ मिश्र
46. डा० पी. के. देवनाथ
47. प्रो० आर. सी. चतुर्वेदी
48. वैद्य हरिनारायण स्वामी
49. प्रो० वी. जे. ठक्कर
50. डा० रमेश मिश्र
51. आचार्य प्रियव्रत शर्मा
52. डा० एस. टी. गूजर
53. वैद्य देवेन्द्र कुमार त्रिगुणा
54. कविराज नानक चन्द शर्मा
55. वैद्य के. एस. वारियर
56. डा० बी. ए. हीरेमठ
57. डा० सत्यपाल गुप्ता
58. डा० डी. एल. नारायण
59. वैद्य चन्द्रशेखर गौड़
60. डा० पी. सी. भट्टाचार्य

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद

नई दिल्ली - 110 055
वर्ष 1991-92 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के अधीन गठित एक सांविधिक निकाय है। प्रथम परिषद का गठन 1971 में किया गया था। भारत के असाधारण राजपत्र भाग II खण्ड 3 उपखण्ड (ii) दिनांक 7.5.84 में भारत सरकार की अधिसूचना के द्वारा परिषद का पुनर्गठन 1984 में किया गया था।

केन्द्रीय परिषद के प्रमुख प्रयोजन निम्न हैं :–

(i) भारत चिकित्सा पद्धति यथा आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी के पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षा के न्यूनतम मानक विहित करना।

(ii) भारतीय चिकित्सा की चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता से सम्बन्धित विषयों पर केन्द्र सरकार को परामर्श देना।

(iii) भारतीय चिकित्सा की केन्द्रीय पंजिका का रख-रखाव और समय-समय पर उसे परिशोधित करना।

(iv) भारतीय चिकित्सा के चिकित्साभ्यास को विनियमित करना और चिकित्साभ्यासियों के आचरण एवं शिष्टाचार तथा आचार संहिता के मानक विहित करना।

स्थापना वर्ष 1971 से ही केन्द्रीय परिषद स्नातकीय और स्नातकोत्तर स्तरों पर भारतीय चिकित्सा पद्धति अर्थात् आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी की पाठ्यविधि एवं पाठ्य विवरण सहित विभिन्न विनियमों को जारी एवं लागू करती रही है।

भारतीय चिकित्सा पद्धति के लगभग समस्त महाविद्यालय देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध हैं। ये महाविद्यालय परिषद द्वारा विहित शिक्षा के न्यूनतम स्तर जिनमें पाठ्यविधि पाठ्य विवरण सम्मिलित है का अनुसरण कर रहे हैं।

परिषद की स्थापना

केन्द्रीय परिषद के निम्न सदस्य हैं : –

आयुर्वेद

1. डा० डी. राधाकृष्ण मूर्ति
2. डा० पी. वी. शनकोपाचार्य
3. डा० सुकुमार भट्टाचार्जी
4. डा० देवव्रत नारायण सिंह
5. डा० महेश्वर पाण्डे
6. डा० इन्द्रमोहन झा
7. डा० अलख नारायण सिंह
8. डा० जनार्दन एन. दवे
9. डा० दिनेश आर. पटेल
10. डा० कृष्ण चन्द्र शर्मा
11. डा० गुलशन राय शर्मा
12. कविराज भूपेन्द्र नाथ गुप्त
13. वैद्य गौरीशंकर द्विवेदी
14. वैद्य पंचैया होशमठ
15. डा० ए. सी. राहुलकुमार
16. डा० के. माधवन नायर
17. वैद्य पं. महेशदत्त शर्मा शास्त्री
18. डा० प्रसन्न कुमार जैन
19. वैद्य हरिकृष्ण एस. जोशी
20. डा० एस. आई. नागराल
21. डा० स्वप्नेश्वर पण्डा
22. वैद्य प्रमोद कुमार तिवारी
23. वैद्य मदन मोहन पुष्करणा
24. वैद्य उदय शंकर शर्मा
25. वैद्य गोकुलेन्द्र शर्मा
26. डा० श्री नारायण स्वामी
27. डा० राम प्रकाश गुप्ता
28. डा० हुकम चन्द शर्मा
29. डा० प्रेमदत्त शर्मा
31. डा० पी. शेषी रेड्डी
32. वैद्य के. के. पाण्डे
33. डा० कनकसिंह खीमा भाई झाला
34. वैद्य श्यामलाल वशिष्ट (शास्त्री)
35. डा० एन. लिक्कराजना
36. डा० एस. वी. सावदी
37. डा० के. पी. श्री कुमारी अम्मा
38. डा० सच्चिदानन्द उपाध्याय
39. डा० ए. के. दुलानी
40. वैद्य पं० शिवकरण शर्मा छांगाणी
41. वैद्य श्रीकृष्ण गोविन्द फड़के
42. डा० कृष्ण भट्ट कंतजा
43. वैद्य राधाकृष्ण श्रीधर बारे
44. वैद्य शिवकुमार मिश्र
45. वैद्य जगन्नाथ मिश्र
46. डा० पी. के. देवनाथ
47. प्रो० आर. सी. चतुर्वेदी
48. वैद्य हरिनारायण स्वामी
49. प्रो० वी. जे. ठक्कर
50. डा० रमेश मिश्र
51. आचार्य प्रियव्रत शर्मा
52. डा० एस. टी. गूजर
53. वैद्य देवेन्द्र कुमार त्रिगुणा
54. कविराज नानक चन्द शर्मा
55. वैद्य के. एस. वारियर
56. डा० बी. ए. हीरेमठ
57. डा० सत्यपाल गुप्ता
58. डा० डी. एल. नारायण
59. वैद्य चन्द्रशेखर गौड़

सिद्ध

61. डा० जी० अन्नास्वामी
62. डा० सी. पी. रामनाथन
63. डा० के० पलानीचामी

यूनानी

64. हकीम मो० अशरफ करीम
65. डा० मदन सरूप गुप्ता
66. हकीम मोहम्मद उमर
67. डा० धर्मचन्द
68. डा० दौलत राम भराज
69. डा० बन्सीलाल पण्डित
70. डा० अब्दुर्रहमान
71. हकीम अब्दुल मोबिन खान
72. हकीम वेद प्रकाश शर्मा
73. हकीम मो० इकबाल खान
74. प्रो० हकीम सैय्यद खलीफथ्थुल्लाह
75. डा० एम. टी. खान
76. हकीम मो० अहमद लारी
77. डा० सैय्यद शाजी हैदर
78. डा० एस. के. खादरी
79. प्रो० हकीम मो० तैय्यब
80. हकीम एम. ए. रज्जाक
81. हकीम अब्दुल हमीद
82. हकीम फैजान अहमद
83. हकीम फैयाज आलम
84. डा० जे. डी. सन्दरवाले

पदाधिकारी

परिषद के निम्न पदाधिकारी हैं :—

1.	प्रो० हकीम सैय्यद खलीफथ्थुल्लाह	—	अध्यक्ष
2.	वैद्य पं० शिवकरण शर्मा छांगाणी	—	उपाध्यक्ष (आयुर्वेद)
3.	हकीम एम. ए० रज्ज़ाक	—	उपाध्यक्ष (यूनानी)
4.	डा० एस. आई नागराल	—	सभापति, शिक्षा समिति (आयुर्वेद)
5.	प्रो० हकीम मोहम्मद तैय्यब	—	सभापति, शिक्षा समिति (यूनानी)
6.	डा० प्रसन्न कुमार जैन	—	सभापति, पंजीयन समिति
7.	वैद्य पं० महेशदत्त शर्मा शास्त्री	—	सभापति, विनियम समिति

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 9 (1) के अनुसार केन्द्रीय परिषद की निम्न मुख्य समितियां हैं :—

1. आयुर्वेद समिति
2. सिद्ध समिति
3. यूनानी समिति

उपर्युक्त समितियां भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) और (ख) के अधीन निर्वाचित और खण्ड (ग) के अधीन मनोनीत आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों से युक्त हैं। धारा (3) की उपधारा (3) के अधीन आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के उपाध्यक्ष क्रमशः ऊपर संदर्भित समितियों के सभापति हैं।

ऐसे सामान्य या विशिष्ट निर्देशों जो समय-समय पर केन्द्रीय परिषद देती है प्रत्येक समिति आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति जैसा भी प्रकरण हो से सम्बंधित किसी भी विषय को केन्द्रीय परिषद की सक्षमता में करने के लिए समर्थ है।

केन्द्रीय परिषद ने विभिन्न कार्यों को करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम 1970 की धारा 10 के अधीन निम्न समितियों का भी गठन किया।

कार्यकारिणी समिति

अधिनियम एवं उसके अधीन निर्मित नियमों एवं विनियमों के ढांचे में केन्द्रीय परिषद द्वारा निर्धारित सामान्य नीति एवं सिद्धान्तों के अनुरूप परिषद के कार्यों का निष्पादन करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद (सामान्य) विनियम 1976 की संख्या 5 के अनुरूप कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया था। समिति भारतीय चिकित्सा की तीनों पद्धतियों अर्थात् आयुर्वेद सिद्ध एवं यूनानी से प्रतिनिधित्व की जाती है।

कार्यकारिणी समिति के निम्न सदस्य हैं :—

सभापति 1. प्रो० हकीम सय्यद खलीफथ्थुल्लाह (अध्यक्ष)

सदस्य 2. वैद्य शिवकरण शर्मा छांगाणी (उपाध्यक्ष - आयुर्वेद)
3. हकीम एम. ए. रज्ज़ाक (उपाध्यक्ष - यूनानी)
4. डा० एस. टी. गूजर
5. वैद्य प्रमोद कुमार तिवारी
6. डा० रामप्रकाश गुप्ता
7. डा० के. माधवन नायर
8. प्रो० हकीम मो. तैय्यब
9. हकीम वेद प्रकाश शर्मा
10. डा० के० पलानीचामी

विनियम समिति

समय - समय पर यथा आवश्यक केन्द्रीय परिषद के विभिन्न विनियमों को बनाने तथा उससे सम्बन्धित मामलों पर विचार करने के लिए परिषद द्वारा भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के अधीन विनियम समिति का गठन किया गया।

विनियम समिति के निम्न सदस्य हैं

सभापति 1. वैद्य पं० महेश दत्त शर्मा शास्त्री

सदस्य 2. वैद्य मदन मोहन पुष्करणा
3. वैद्य हरिनारायण स्वामी

4. डा० स्वप्नेश्वर पण्डा
5. वैद्य पंचैया होशगट
6. डा० जनार्दन एन. दवे
7. डा० पी. वी. शतकोपाचार्य
8. डा० महेश्वर पाण्डे
9. डा० गुलशन राय शर्मा
10. डा० डी. राधाकृष्ण मूर्ति
11. डा० जे. डी. सन्दरवाले
12. डा० चन्नीलाल पण्डित
13. डा० अब्दुर्रहमान
14. डा० धर्मचन्द

पंजीयन समिति

परिषद ने विभिन्न चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता एवं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की अनुसूचियों में उनका समावेश करने सम्बन्धी मामलों को देखने तथा इस विषय में अनुशंसाएं करने के लिए पंजीयन समिति का गठन किया। पंजीयन से सम्बन्धित विषयों पर विचार करना भी इस समिति के अधिकार में है।

पंजीयन समिति के निम्न सदस्य हैं :—

सभापति 1. डा० प्रसन्न कुमार जैन

सदस्य 2. प्रो० आर. सी. चतुर्वेदी
3. डा० कृष्ण चन्द्र शर्मा
4. डा० हरिकृष्ण एस. जोशी
5. डा० पी. के. देवनाथ
6. डा० प्रेमदत्त शर्मा
7. डा० ए. सी. राहुल कुमार
8. डा० डी. आर. पटेल
9. डा० वी. ए. हीरेमठ
10. डा० रामप्रकाश गुप्ता
11. डा० इन्द्र मोहन झा
12. डा० मदन सरूप गुप्ता
13. डा० एस. डी. खान
14. हकीम सी. उमर
15. डा० दौलतराम भराड़
16. हकीम फ़ज़ान अहमद

शिक्षा समितियां (आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी)

शिक्षा समितियां आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी की शिक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्यों को करने में सक्षम हैं। आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी शिक्षा समिति के निम्न सदस्य हैं :—

आयुर्वेद

सभापति 1. डा० एस. आई. नागराल

सदस्य 2. वैद्य पं० शिवकरण शर्मा लांगाणी (उपाध्यक्ष आयुर्वेद)
3. वैद्य देवेन्द्र कुमार त्रिगुणा
4. कविराज नानक चन्द शर्मा
5. डा० रामप्रकाश गुप्ता
6. डा० आनन्द राय
7. डा० सत्यपाल गुप्ता
8. वैद्य एस. जी. फड़के
9. डा० हुकम चन्द शर्मा
10. वैद्य शिवकुमार मिश्र
11. वैद्य जगन्नाथ मिश्र
12. प्रो० प्रियव्रत शर्मा
13. डा० रमेश मिश्र
14. कविराज वी. एन. गुप्त
15 डा० वी नारायण स्वामी

सिद्ध

सदस्य 1. डा० के० पलानीचामी
2. डा० जी० अन्नास्वामी

यूनानी

सभापति 1. हकीम मोहम्मद तय्यब

सदस्य 2. हकीम एस. ए. रज्जाक (उपाध्यक्ष यूनानी)
3. हकीम सय्यद शाजी हैदर

5. हकीम अब्दुल मोमिन खान

6. हकीम अब्दुल हमीद

7. हकीम फैयाज आलम

8. हकीम एस. के. खादरी

9. हकीम मो. इकबाल खान

10. हकीम मोहम्मद अहमद तारी

11. डा० मदन सरूप गुप्ता

वर्ष 1991-92 के दौरान निम्न बैठकें आयोजित की गईं :–

1.	केन्द्रीय परिषद्	–	एक
2.	आयुर्वेद समिति	–	एक
3.	सिद्ध समिति	–	एक
4.	यूनानी समिति	–	एक
5.	कार्यकारिणी समिति	–	तीन
6.	शिक्षा समिति (आयुर्वेद)	–	एक
7.	शिक्षा समिति (यूनानी)	–	एक
8.	विनियम समिति	–	एक
9.	पंजीयन समिति	–	एक
10.	समस्त राज्यों के स्वास्थ्य सचिव, भारतीय चिकित्सा पद्धति के निदेशक राज्य मंडलों के अध्यक्ष और पंजीयक, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के पदाधिकारी और सदस्यों की आंचलिक बैठक।	–	दो

केन्द्रीय परिषद् की वार्षिक बैठक नई दिल्ली में 21 और 22 फरवरी, 1991 को सम्पन्न हुई। केन्द्रीय परिषद ने वर्ष के दौरान सम्पन्न विभिन्न समितियों की बैठकों के कार्यवृत्तों को दृढ़ किया। केन्द्रीय परिषद ने निम्न अनुशंसाएं की –

आयुर्वेद

केन्द्रीय परिषद ने संस्कृत के शिक्षक के लिए निम्न न्यूनतम अर्हताएं निर्णीत की :–

विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय अथवा भारतीय चिकित्सा के विधिक संकाय /परीक्षा निकाय द्वारा भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के अधीन यथामान्य आयुर्वेद की अर्हता अथवा, समकक्ष, सहित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संस्कृत में व्याकरण / साहित्य / दर्शन में शास्त्री अथवा उसके समकक्ष

अथवा

संस्कृत में एम० ए० अथवा इसके समकक्ष अर्हता।

आगे कहा गया कि एम. ए. संस्कृत अर्हताधारी व्यक्ति जो भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 में सम्मिलित आयुर्वेद की अर्हता का धारक नहीं है को केडर के अधीन नहीं माना जाएगा।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि बिहार विश्वविद्यालय और कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में आयुर्वेदाचार्य पाठ्यक्रम के संचालन में अनेक अनियमितताएं हैं। केन्द्रीय परिषद द्वारा बार-बार पत्र लिखे जाने और चेतावनियां देने पर भी ये विश्वविद्यालय और राज्य सरकार विनियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस विषय पर केन्द्रीय परिषद द्वारा 21 और 22 फरवरी, 1991 को सम्पन्न बैठक में भी विचार किया गया था। यह निर्णय लिया गया था कि समस्त राज्य सरकारों और भारतीय चिकित्सा पद्धति के निदेशकों को न्यूनतम आवश्यकताएं पूरा करने और भारतीय चिकित्सा पद्धति की संस्थाओं में शिक्षा के स्तर को उन्नत करने के लिए एक कड़ा पत्र भेजा जाए।

यह निर्णय लिया गया कि परिषद् के पदाधिकारियों की एक समिति राज्य के उच्च अधिकारियों से मिले और समस्याओं पर विमर्श करे। तदनुसार सचिव, बिहार सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को अनुरोध किया गया था कि समस्याओं के समाधान हेतु परिषद् के पदाधिकारियों से बिहार राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं अन्य सक्षम अधिकारियों के साथ आपसी विमर्श हेतु सुविधाजनक तिथि और समय निश्चित करें।

केन्द्रीय परिषद् ने आगे बिहार सरकार और विश्वविद्यालयों द्वारा भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के निर्देशों का अनुपालन न करने को अंकित किया। सम्बन्धित प्राधिकारियों को बार-बार पत्र लिखने और निर्देश देने पर भी कोई उत्तर नहीं आ रहा है। अतः यह निर्णय लिया गया कि आयुर्वेद के विकास के हित में और आयुर्वेद की शिक्षा में स्तर के अनुरक्षण हेतु उपाध्यक्ष (आयुर्वेद), सभापति, शिक्षा समिति (आयुर्वेद) डा० सत्यपाल गुप्ता और डा० रामप्रकाश गुप्ता की एक समिति सचिव, बिहार सरकार, बिहार के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से सम्पर्क स्थापित करे और उन्हें नियमों और विनियमों के उल्लंघन के बारे में विस्तार से बतलाए। बिहार में आयुर्वेद की शिक्षा का समाधानात्मक प्रभावी हल ढूंढने के लिए प्रतिनिधि मंडल में डा० देवव्रत नारायण सिंह को भी सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भी इस प्रकरण को विस्तार से बतलाया जाय और उनसे अनुरोध किया जाय कि वे बिहार सरकार के प्राधिकारियों के साथ मामला उठाए।

राज्य सरकार और बिहार के विश्वविद्यालयों को उन आयुर्वेद महाविद्यालयों जिनमें गत चार वर्षों से प्रतिबन्ध लगा हुआ है में प्रवेश बन्द करने के लिए शीघ्र एक कड़ा पत्र लिखने का भी निर्णय लिया गया।

आगे यह निर्णय लिया गया कि यदि सरकार के प्राधिकारियों से मिलने के कोई सार्थक परिणाम प्राप्त नहीं होते हैं तो बिहार विश्वविद्यालय और कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त अर्हता की मान्यता भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 22 के अधीन निरस्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाय।

3. ए. एल. एन. राव स्मृति आयुर्वेद महाविद्यालय, कोप्पा को सत्र 1991-92 के लिए आयुर्वेद के स्नातकीय पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति परिदर्शन प्रतिवेदन में इंगित कमियों को पूरा करने की शर्त पर दी गई।

यह भी निर्णय लिया गया कि वास्तविक जानकारी मंगवाई जाय और न्यूनतम आवश्यकताओं के प्रकाश में उनकी पुनरीक्षा की जाय। यदि आवश्यकता होतो तुरन्त अध्ययन किया जाना चाहिए। जब तक यह पूरी कार्रवाई नहीं हो जाती जून 1992 के आगामी सत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

4. केन्द्रीय परिषद् ने आयुर्वेद महाविद्यालय, सायन, बम्बई के संहिता और द्रव्यगुण विभागों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति देने हेतु किए गए अनुरोध पर विचार किया। निर्णय लिया गया कि संस्था में उपलब्ध तथ्यों और अन्य अपेक्षाओं सहित शिक्षण सुविधाओं की उपलब्धता की जांच करने हेतु सँस्था का परिदर्शन करवाया जाय। तब तक उन्हें अनुमति न दी जाय।

5. केन्द्रीय परिषद ने देखा कि एस. वी. आयुर्वेद महाविद्यालय, तिरूपति शिक्षण, गैर-शिक्षण और सम चिकित्सीय कर्मचारियों के सम्बन्ध में शर्तें पूरी नहीं करता।

यह निर्णय लिया गया कि जब तक कमियां / त्रुटियां दूर नहीं की जाती उन्हें आगे प्रवेश की अनुमति न दी जाय।

केन्द्रीय परिषद वैद्य के. के. पाण्डे के सुझाव से सहमत थी कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की अनुसूची में अर्हता के साथ महाविद्यालय के नाम का भी उल्लेख होना चाहिए। निर्णय को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया अपनाई जाय।

आयुर्वेद महाविद्यालय, नासिक में शल्यतंत्र में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की अनुमति इस शर्त पर दी गई थी कि कार्मिक पद्धति और सभी सुविधाएं तथा पढ़ाने और प्रशिक्षण हेतु सभी उपकरण दो वर्ष के भीतर इस विभाग में उपलब्ध होने चाहिए।

केन्द्रीय परिषद के ध्यान में लाया गया कि नवीन विनियमों के अन्तर्गत सदस्यों के नामकरण प्रोफेसर, रीडर, वरिष्ठ लैक्चरर कर दिया गया है जो भारत में किसी भी चिकित्सा शिक्षा के शैक्षणिक वर्ग से समानता नहीं रखता और चिकित्सा विभाग से समानता न होने के कारण अकेला पड़ जाता है। अतः ये संज्ञाएं पूर्ववत् ही प्रोफेसर, रीडर लैक्चरर रखी जावें ताकि समय - समय पर शासन से स्वीकृति लेने में सुविधा हो अन्यथा यह विभाग बजाय चिकित्सा शिक्षा के सामान्य शिक्षा में चला जाएगा।

केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि फिलहाल नियमों और विनियमों में विनिर्दिष्ट कार्मिक पद्धति पर ही दृढ़ रहना चाहिए। फिर भी कुछ संस्थाओं में प्रचलित नामावलि, यदि समान हो तो उन्हें बनाए रखने की अनुमति दी जाय।

केन्द्रीय परिषद ने गुरूनानक देव विश्वविद्यालय से सम्बद्ध दयानन्द आयुर्वेद महाविद्यालय

जालन्धर के द्वारा विनियमों का उल्लंघन के सम्बन्ध में भारत सरकार के पत्र के ब्योरे पर विचार किया और निर्णय लिया कि वैद्य प्रमोद कुमार तिवारी, डा० हुक्म चन्द शर्मा और सचिव, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद की एक समिति तत्काल अध्ययन करने हेतु महाविद्यालय का परिदर्शन करे और विश्वविद्यालय के अधिकारियों से मिले। संस्था का विस्तृत प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत किया जाय।

वैद्य हरिनारायण स्वामी के द्वारा आयुर्वेद विश्वभारती, सरदार शहर में शिक्षण सुविधा की कमी के सम्बन्ध में केन्द्रीय परिषद को सूचना दी गई। यह निर्देश दिया गया कि राज्य सरकार और विश्वविद्यालय को आवश्यक कार्रवाई हेतु एक कड़ा पत्र लिखा जाय।

यह निर्णय लिया गया कि कार्यालय द्वारा वैद्य के. के. पाण्डे के परामर्श से बनाए गए प्रपत्र में प्रत्येक संस्था से विस्तृत सूचना कार्यालय के अभिलेख के लिए मंगवाई जाय।

केन्द्रीय परिषद ने सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग और सम्बन्धित विश्वविद्यालयों के उपकुलपतियों को सम्बोधित परिषद के पत्रों के बावजूद महाराष्ट्र राज्य में नए महाविद्यालय प्रारम्भ करने की निरन्तर प्रक्रिया को गम्भीरता से अंकित किया। महाराष्ट्र सरकार नए महाविद्यालयों के सम्बन्ध में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के मानदण्डों और निर्देशों का लगातार उल्लंघन कर रही है। अतः यह निर्णय लिया गया कि इस मामले को महाराष्ट्र के राज्यपाल के ध्यान में लाया जाय और उनसे आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाय।

केन्द्रीय परिषद ने संकल्प लिया कि महाविद्यालय को आने वाले वर्ष के लिए निरन्तर रहने की स्वीकृति न दी जाय जब तक परिदर्शन प्रतिवेदन अनुसार कमियां पूर्ण नहीं हो जाती, एवं अनुपालन प्रतिवेदन की पुष्टि नहीं हो जाती।

केन्द्रीय परिषद् ने संकल्प लिया कि नए महाविद्यालयों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद की पूर्वानुमति के बिना आगे जारी रहने की अनुमति न दी जाय भले ही विश्वविद्यालय और राज्य सरकार उन्हें अनुमति दे दें।

केन्द्रीय परिषद ने संकल्प लिया कि स्नातकीय पाठ्यक्रम की पूरी मान्यता के पश्चात् ही स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए अनुमति दी जाय।

केन्द्रीय परिषद के द्वारा विहित विनियमों के अनुरूप स्नातकीय / स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान करने के लिए न्यूनतम स्तरों एवं अपेक्षाओं के निर्धारण हेतु वर्ष के दौरान निम्न संस्थाओं / आयुर्वेद महाविद्यालयों का परिदर्शन किया गया : —

क्रम संख्या	महाविद्यालयों के नाम	परिदर्शन की तिथि	स्नातकीय / स्नातकोत्तर
	पूना विश्वविद्यालय		
1.	आयुर्वेद महाविद्यालय, नासिक।	29-7-91	स्नातकोत्तर
2.	आयुर्वेद महाविद्यालय, धुले।	5-10-91	स्नातकीय

आगे विमर्श हुआ कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रारम्भिक विषयों के सम्बन्ध में पाठ्य विवरण को रूपरेखा प्रदान की जाय। अतः यह निर्णय लिया गया कि पाठ्यविवरण बनाने के लिए और अन्य संगत विषयों, यदि कोई हों, के लिए भी मामला 20.2.91 को पहले से ही गठित उप-समिति को सौंप दिया जाय।

केन्द्रीय परिषद् ने जामिया तिब्बिया देवबनद के परिदर्शन प्रतिवेदन पर विचार किया और निर्णय लिया कि जामिया तिब्बिया देवबन्द में उपलब्ध न्यूनतम स्तर को ध्यान में रखते हुए अगले दो वर्ष तक परिषद् द्वारा विहित कामिले-तिब्ब-ओ-जराहत एवं प्री तिब्ब पाठ्यक्रम को निरन्तर रखने की अनुमति दी जाय। दो वर्ष पश्चात् परिषद् द्वारा अनुशंसित अपेक्षाओं को पूर्ण करने एवं तथ्यों की जांच करने हेतु संस्थान का पुनः परिदर्शन किया जाय। शैक्षणिक वर्ष 1993-94 में प्रवेश अगले परिदर्शन के ऊपर ही आधारित होगा।

केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया कि महाराष्ट्र सरकार चिकित्सा शिक्षा एवं औषध विभाग ने निम्न तीन नए यूनानी महाविद्यालय प्रारम्भ करने का प्रस्ताव प्रेषित किया –

1. अहमदिया यूनानी मेडीकल कॉलेज, अहमदनगर।
2. यूनानी तिब्बिया मेडीकल कालेज, नान्देड।
3. यूनानी मेडीकल कॉलेज एवं अस्पताल, परभणी।

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के द्वारा विहित यूनानी तिब्ब में स्नातकीय शिक्षा प्रदान करने के लिए उपर्युक्त संस्थाओं में अस्पताल एवं उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का निर्धारण करने हेतु उपर्युक्त संस्थाओं का परिदर्शन किया गया।

केन्द्रीय परिषद ने परिदर्शन प्रतिवेदनों को अनुमोदित किया और निर्णय लिया कि महाराष्ट्र सरकार को सूचित किया जाय कि उपर्युक्त संस्थाओं को दो वर्षों अर्थात् 1991-92 और 1992-93 के लिए यूनानी तिब्ब में स्नातकीय पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी जाय। यूनानी तिब्ब में स्नातकीय शिक्षा प्रदान करने के लिए केन्द्रीय परिषद् के द्वारा विहित न्यूनतम मानदण्ड के अधीन उल्लिखित शर्तों और अन्य आवश्यकताओं को दो वर्षों में पूरा किया जाना चाहिए।

यह भी निर्णय लिया गया कि प्रारम्भिक दो वर्षों की समाप्ति पर दूसरा परिदर्शन करवाया जाय और परिदर्शन समिति द्वारा सुनिश्चित किया जाय कि संस्थाएं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् की संस्तुतियों का शिक्षण और प्रशिक्षण में पूरी तरह से अनुसरण कर रही है।

केन्द्रीय परिषद् के द्वारा विहित विनियमों के अनुरूप स्नातकीय शिक्षा प्रदान करने के लिए न्यूनतम स्तरों और अपेक्षाओं के निर्धारण हेतु वर्ष के दौरान निम्न यूनानी संस्थाओं/ महाविद्यालयों का परिदर्शन किया गया : –

क्रम संख्या	महाविद्यालय का नाम	परिदर्शन की तिथि	स्नातकीय/ स्नातकोत्तर
	कानपुर विश्वविद्यालय		
1.	जामिया तिब्बिया, देवबन्द	5.6.91	स्नातकीय
2.	अहमदिया यूनानी मेडीकल कॉलेज अहमदनगर	26.7.91	"
	मराठवाड़ा विश्वविद्यालय		
3.	यूनानी तिब्बिया महाविद्यालय, नान्देड	27.7.91	स्नातकीय
4.	यूनानी मेडीकल कॉलेज और अस्पताल परभणी	28.7.91	"

सिद्ध

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि तमिलनाडु सरकार ने भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद द्वारा निर्धारित मानदण्डों और शर्तों को पूरा करने की शर्त पर सिद्ध मारूथुवा कलूरी और अस्पताल गुन्नीरे में अखिल थिरूविथनकोर सिद्ध वैद्य संगम में सिद्ध स्नातकीय पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति देने हेतु प्रस्ताव भेजा है। यह संकल्प लिया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के अनुमोदन के बिना अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

केन्द्रीय परिषद ने खेद के साथ अंकित किया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी के वर्तमान स्नातकीय महाविद्यालयों को उन्नत और सामर्थ्यवान बनाने के कार्यक्रम के अधीन भारतीय चिकित्सा पद्धति और होम्योपैथी के महाविद्यालयों को अनुदान देने के उद्देश्य से भारत सरकार, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सिद्ध चिकित्सा पद्धति के किसी भी महाविद्यालय को सूची में सम्मिलित नहीं किया है। अतः यह संस्तुत किया गया कि भविष्य में राजकीय सिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय, पलायम कोट्टै, एवं राजकीय सिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय, पलानी तमिलनाडु को उपकरण क्रय करने और अस्पताल के उद्देश्य से क्रमशः 10 लाख और 15 लाख रुपये की अनुदान राशि दी जाये।

केन्द्रीय परिषद ने अंकित किया कि तमिलनाडु भारतीय चिकित्सा मंडल सिद्ध के उत्तीर्ण स्नातकों को अस्थायी पंजीयन प्रमाणपत्र जारी कर रहा है परन्तु लम्बे समय के पश्चात् भी नियमित पंजीयन प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता। इससे सिद्ध चिकित्सा के उत्तीर्ण स्नातकों के लिए कई कठिनाइयां बढ़ गई हैं। यह निर्णय लिया गया कि सिद्ध के उत्तीर्ण स्नातकों को अविलम्ब स्थायी पंजीयन प्रमाण पत्र दिए जाए।

केन्द्रीय परिषद ने भारत सरकार से अनुरोध करने का संकल्प लिया कि गत 2/3 वर्षों से सेवानिवृत्ति अथवा अन्य कारणों से परिषद में रिक्त पदों पर सिद्ध सदस्यों को नामजद किया जाय। इससे परिषद के पुनर्गठन तक परिषद में सिद्ध चिकित्सा के उचित विकास में सहायता मिलेगी।

सामान्य

केन्द्रीय परिषद ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उनके पत्रांक वी. 26013/3/92 - ए. ई. दिनांक 19.4.91 के द्वारा भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 3(1) (क) के अधीन निर्वाचित सदस्यों के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद की चुनाव प्रक्रिया में संशोधन के सम्बन्ध में अग्रेषित अध्यक्ष अखिल भारतीय आयुर्वेद संगठन के पत्र के बिन्दुओं को अंकित किया और निर्णय लिया कि भारत सरकार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुरोध किया जाय कि

(i) राज्य सरकारों से मतदाताओं की सूची को आद्यतन करने का अनुरोध किया जाए और

(ii) मत-पत्र पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जाने चाहिए।

केन्द्रीय परिषद ने भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी के संगठनों की समस्याओं और कार्यक्रमों पर 20-21/11/90 को सम्पन्न कार्यशालाओं की अनुशंसाओं पर विमर्श किया और वास्तव में भारत सरकार के प्रयत्नों की सराहना की और अनुशंसाओं का समर्थन किया। यह निर्णय लिया गया कि विशेष अनुशंसाओं को लिया जाय और उन्हें उपयुक्त स्तर पर समाविष्ट किया जाय।

केन्द्रीय परिषद ने सरकार पर यह भी जोर दिया कि वे ऐसी विचार गोष्ठियां आवधिक विशेष तौर पर उन विषयों पर करवाएं जिन पर पहले विमर्श नहीं हुआ।

केन्द्रीय परिषद् ने उपकरण क्रय और अस्पताल के उद्देश्य के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति के 12 महाविद्यालयों को दी गई अनुदान राशि की स्वीकृति हेतु भारत सरकार के प्रयत्नों की सराहना की और अनुभव किया कि इस योजना के अन्तर्गत अभी तक बहुत सीमित महाविद्यालय ही आवृत्त किए गए हैं। अतः परिषद ने भारत सरकार से अनुशंसा की कि चरणबद्ध रूप में अधिकतम संख्या में महाविद्यालयों को आवृत्त किया जाय। उन मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों को प्राथमिकता दी जाय जो ऐच्छिक संगठनों के द्वारा चलाए जा रहे हैं, सरकार द्वारा सहायता प्राप्त हैं और अच्छा कार्य कर रहे हैं।

यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में भारतीय चिकित्सा पद्धति के महाविद्यालयों को अनुदान राशि की स्वीकृति देने से पूर्व केन्द्रीय परिषद से परामर्श किया जाना चाहिए।

केन्द्रीय परिषद् ने भारत सरकार से अनुरोध करने का निर्णय लिया कि केन्द्र सरकार के द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की पद्धति पर जो चिकित्सा शिक्षा आयोग गठित किया जा रहा है, उसमें आयुर्वेद, सिद्ध यूनानी पद्धति को भी सम्मिलित किया जाय।

केन्द्रीय परिषद् ने समस्त राज्य सरकारों से अनुरोध करने का निर्णय लिया कि वे अपने राज्यों में भारतीय चिकित्सा पद्धति के विश्वविद्यालय की स्थापना करें।

केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया कि केन्द्रीय परिषद द्वारा बार-बार अनुरोध करने के उपरान्त भी कुछ राज्यों ने अभी तक भारतीय चिकित्सा पद्धति के महाविद्यालयों के शिक्षक वर्ग को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेतनमान स्वीकृत नहीं किए हैं।

यह निर्णय लिया गया कि जिन राज्यों में विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय चिकित्सा पद्धति के महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेतनमान लागू नहीं किए गए हैं, के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, मुख्यमंत्री और उन राज्यों से भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के सदस्यों को पूर्ण औचित्य सहित एक पत्र जारी किया जाय।

केन्द्रीय परिषद ने निर्णय लिया कि जिन राज्यों की सरकारों ने अभी तक भारतीय चिकित्सा पद्धति के स्वतन्त्र निदेशालय स्थापित नहीं किए हैं को भारतीय चिकित्सा पद्धति का अलग निदेशालय स्थापित करने हेतु अनुरोध किया जाय।

केन्द्रीय परिषद ने 29 एवं 30 जून, 1991 को बंगलौर में सम्पन्न आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु दक्षिणी राज्यों और 15 एवं 16 नवम्बर, 1991 को बम्बई में सम्पन्न गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान पश्चिमी राज्यों की आंचलिक बैठकों की अनुशंसाओं को अंकित किया।

यह अंकित किया गया कि राज्य अधिनियमों में भारतीय चिकित्सा की मान्यता प्राप्त चिकित्सीय अर्हताओं की अनुसूचियों को, भारत सरकार और केन्द्रीय परिषद द्वारा जारी किए गए आवश्यक निर्देशों पर भी केन्द्रीय अधिनियम, के अनुरूप नहीं लाया गया है। भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद द्वारा राज्य अधिनियमों में अनुभव की गई असंगतियों को आंचलिक बैठक के ध्यान में लाया गया और इन पर राज्यानुसार विमर्श हुआ।

आन्ध्र प्रदेश

बैठक को बतलाया गया कि आन्ध्र प्रदेश में विद्यमान दोनों अधिनियमों का एकीकरण किया जा रहा है और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के अनुरूप शीघ्र ही नया विधेयक पेश किया जायेगा। अनुभव के आधार पर और चिकित्साभ्यास कर रहे चिकित्सकों के लिए योग्यता परीक्षाओं के उत्तीर्ण करने पर पंजीयन देने के वर्तमान प्रावधानों को नए विधेयक में से निकाल दिया जायेगा।

यह भी निर्णय लिया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970की द्वितीय अनुसूची में टिप्पणी के कालम 4 में आन्ध्र आयुर्वेद परिषद विजयवाड़ा द्वारा प्रदत्त वैद्य विद्वान अर्हता के सम्मुख वर्ष लिखा जायेगा।

कर्नाटक

कर्नाटक राज्य अधिनियम की अनावश्यक धारा 2 (के) 20, 21, 22, 23 24, 25 34, 35 और 37 को समाप्त करने का संकल्प लिया गया। आगे यह संकल्प लियागया कि राज्य अधिनियम के प्रावधानों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के अनुरूप लाने के लिए यथा आवश्यक परिवर्तन किए जावें।

कर्नाटक राज्य मंडल में वर्ष 1981 तक नामावलिगत चिकित्साभ्यासियों के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि इन नामावलिगत चिकित्साभ्यासियों की परीक्षा जो राज्य अधिनियम के प्रावधान के अनुसार अनुमेय है, न ली जाय और उन्हें कर्नाटक राज्य में चिकित्साभ्यास करने हेतु पंजीयन दिया जाय। 902 नामावलिगत चिकित्साभ्यासियों (850 आयुर्वेद और 52 यूनानी) की सूची भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के कार्यालय को भेजी जाय। कर्नाटक मंडल से अनुरोध किया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम 1970 की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता के सिद्ध स्नातकों के पंजीयन का आवश्यक प्रावधान किया जाय।

केरल

केरल राज्य अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के विरोधाभास के सम्बन्ध में यह सूचित किया गया कि आवश्यक संशोधन किए जा रहे हैं और संशोधित विधेयक प्रक्रियाधीन है।

तमिलनाडु

राज्य के प्रतिनिधि अधिकारियों ने विद्यमान मंडलों का एकीकरण करना और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के अनुरूप लाना स्वीकार किया। नया विधेयक प्रक्रियाधीन है।

गुजरात

यह ध्यान में लाया गया कि गुजरात चिकित्साभ्यासी अधिनियम, 1963 के प्रावधानों में कुछ असंगतियां है जिन्हें निकाला जाना चाहिए और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 के अनुरूप संशोधित किया जाना चाहिए। गुजरात चिकित्साभ्यासी अधिनियम 1963 की धारा 29 (1, 2 और 3) अर्हताओं की मान्यता और अनुसूचियों में संशोधन के लिए है। भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के लागू होने के पश्चात् भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की द्वितीय,तृतीय एवं चतुर्थ अनुसूचियों में सम्मिलित चिकित्सीय अर्हताएं सभी उद्देश्यों के लिए मान्य चिकित्सीय अर्हताएं हैं। इसलिए राज्य अधिनियम की धारा 29 को निकाल दिया जाय।

राज्य अधिनियम की धारा 2 (ओ) को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की धारा 2(एच) के अनुरूप संशोधित किया जाय।

राज्य अधिनियम की धारा 17(2) में योग्य और अयोग्य व्यक्तियों के पंजीयन का प्रावधान है। राज्य अधिनियम में से अयोग्य व्यक्तियों के पंजीयन के प्रावधान को समाप्त किया जाना चाहिए और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के प्रावधानों अनुरूप प्रावधान होने चाहिए।

मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश आयुर्वेदिक, यूनानी तथा प्राकृतिक चिकित्सा व्यवसायी अधिनियम, 1970 पर विमर्श के पश्चात् यह संकल्प लिया गया कि धारा 2, 25 और 37 के अनावश्यक धाराओं को राज्य अधिनियम से निकाल दिया जाना चाहिए और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के अनुरूप संशोधित किया जाना चाहिए। यह भी संकल्प लिया गया कि राज्य अधिनियम में मान्यता प्राप्त चिकित्सीय अर्हताओं की अनुसूचियों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ अनुसूचियों में सम्मिलित चिकित्सा अर्हताओं के अनुरूप लाया जाना चाहिए।

महाराष्ट्र

यह देखा गया कि महाराष्ट्र चिकित्सा व्यवसायी अधिनियम, 1961 की धारा, 14, 26 से 29 और 31 भारतीय चिकित्सा में शिक्षा और शिक्षा के स्तर से सम्बन्धित हैं जबकि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् ही भारतीय चिकित्सा में अध्ययन पाठ्यक्रम निर्धारित करने, चिकित्सीय अर्हता को मान्यता देने / मान्यता वापस लेने और समस्त भारत में चिकित्सा महाविद्यालयों /संस्थाओं के परिदर्शन / निरीक्षण हेतु सक्षम प्राधिकारी है।

महाराष्ट्र चिकित्सा व्यवसायी अधिनियम, 1961 की धारा 17 (2) {I, II, III} में पंजीकृत चिकित्साभ्यासियों के वर्गीकरण का प्रावधान है। अतः यह संकल्प किया गया कि महाराष्ट्र चिकित्सा व्यवसायी अधिनियम, 1961 की धारा 14, 26 से 29 और 31 को समाप्त कर दिया जाय। भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के अनुरूप राज्य अधिनियमों में आवश्यक संशोधन किए जायं। यह भी संकल्प लिया गया कि महाराष्ट्र अधिनियम की धारा 37 जो ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्साभ्यास करने की स्वतन्त्रता प्रदान करती है, को भी निकाल दिया जाना चाहिए क्योंकि मान्यता प्राप्त चिकित्सीय अर्हताओं और पंजीयन के बिना ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्साभ्यास की स्वतन्त्रता

प्रदान करना केन्द्रीय अधिनियम की मूल भावना के विरूद्ध है।

आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्साभ्यासियों के लिए पृथक राज्य रजिस्टर के रख-रखाव का निर्णय लिया गया।

राजस्थान

विमर्श के पश्चात् राज्य अधिनियम में से धारा 14-39 और 47 के (1) एवं (3) के अनावश्यक खण्डों को निकालने और धारा 32, 36 और 38 के खण्डों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के अनुरूप संशोधित करने का निर्णय लिया गया।

यह भी संकल्प लिया गया कि राज्य अधिनियम की मान्य चिकित्सीय अर्हताओं की अनुसूचियों को भी भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ अनुसूचियों में सम्मिलित मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हताओं के अनुरूप होना चाहिए।

यह ध्यान में लाया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 14 के दिनांक 15-8-71 से लागू होने के पश्चात् भारत में विश्वविद्यालय / बोर्ड अथवा अन्य चिकित्सीय संस्थाओं द्वारा प्रदत्त एवं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद अधिनियम् 1970 की द्वितीय अनुसूची में समाविष्ट चिकित्सीय अर्हताएं ही मान्य चिकित्सा अर्हताएं हैं। इनमें से किसी भी अर्हता के धारक उक्त अधिनियम के अधीन प्रदत्त अधिकारों और प्राधिकारों के पात्र हैं। ऐसी अर्हता जो भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित नहीं हैं, किसी भी उद्देश्य हेतु मान्य नहीं है। भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की अनुसूचियों में सम्मिलित मान्य चिकित्सीय अर्हताओं के धारक भारतीय चिकित्सा में चिकित्साभ्यास करने हेतु भारतीय चिकित्सा के किसी भी राज्य रजिस्टर में पंजीयन / नामांकन की पात्रता रखते हैं।

इस पर भी यह देखा गया है कि काफी संख्या में अयोग्य व्यक्ति जो किसी भी राज्य मंडल / परिषद् से पंजीकृत नहीं हैं, विभिन्न राज्यों / केन्द्र शासित प्रदेशों में भारतीय चिकित्सा में अनाधिकृत रूप से चिकित्साभ्यास कर रहे हैं। यह समस्या राज्य के प्राधिकारियों द्वारा समुचित जांच की कमी के कारण उत्पन्न हुई है। इसके अतिरिक्त कुछ राज्य मंडलों/ परिषदों द्वारा मान्य चिकित्सीय अर्हताओं में एकरूपता न होने के कारण यह समस्या द्विगुणित हो गई है। यह अंकित किया गया कि अपनी तरह की कुछ संस्थाएं अब भी भारतीय चिकित्सा में उपाधियां और चिकित्साभ्यास करने के लिए पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्रदान कर रही है।

आंचलिक बैठकों ने केन्द्र तथा राज्य सरकारों पर दण्डनीय अपराध घोषित करने जैसे प्रावधान के साथ जालसाजी विरोधी बिल प्रस्तुत करने के लिए जोर दिया। यह भी सुझाव दिया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् को समस्त उपलब्ध प्रचार साधनों के माध्यम से शिक्षित करने, जागृत करने और जनमत बनाने के लिए अपने प्रयत्न तीव्र करने चाहिए।

अपंजीकृत /अयोग्य / चिकित्साभ्यासियों द्वारा भारतीय चिकित्सा में अनाधिकृत चिकित्साभ्यास को रोकने के लिए राज्य सरकारों, राज्य मंडलों / परिषदों को सामान्यतः जनहित में और विशेष तौर पर भारतीय चिकित्सा के योग्य चिकित्साभ्यासियों के लिए पूरी रूचि लेनी चाहिए।

सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि अनाधिकृत / अयोग्य व्यक्तियों द्वारा चिकित्साभ्यास को रोकने के लिए राज्य सरकारों द्वारा कार्यप्रणाली तैयार की जाय और भारतीय चिकित्सा के राज्य मंडलों से परामर्श कर उस पर कार्रवाई की जाय।

यह देखा गया कि विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में से असंख्य कुकुरमुत्ता संस्थाएं शुल्क के रूप में बहुत बड़ी राशि लेकर उनके द्वारा प्रदत्त उपाधि / डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए समाचार पत्रों में अपने विज्ञापनों के माध्यम से भोली-भाली जनता को आकर्षित करती हैं। केन्द्रीय परिषद् ने समाचार पत्रों के माध्यम से बार-बार जन-साधारण को ऐसी संस्थाओं से सावधान किया है। जन साधारण को यह भी सूचित किया गया कि भारतीय चिकित्सा के केवल वही महाविद्यालय प्रमाणिक हैं जो उस क्षेत्र के विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है।

सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि केवल उन्हीं महाविद्यालयों को चलने की अनुमति दी जानी चाहिए जिन्हें किसी विश्वविद्यालय / राज्य सरकार और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् की मान्यता प्राप्त हो। अन्य कुकुरमुत्ता संस्थाओं को बन्द कर देना चाहिए।

यह भी निर्णय लिया गया कि नया महाविद्यालय आरम्भ करने हेतु परिषद् द्वारा मानक यदि सभी सम्बन्धित प्राधिकारियों द्वारा कड़ाई से लागू किए जाय एवं पालन किए जाय तो कुकुरमुत्ता महाविद्यालयों में वृद्धि नहीं होगी। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार को अपने राज्य में ऐसी संस्था के विरूद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। यदि राज्य प्राधिकारी द्वारा समय पर यह कदम उठाया जाता है तो ऐसी संस्थाएं निरूत्साहित होंगी और कुकुरमुत्ता कॉलेजों की वृद्धि पर नियन्त्रण होगा एवं रोक लगेगी।

संयुक्त बैठकों ने भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के अधीन प्रतिपादित व्यावसायिक आचरण, शिष्टाचार एवं आचार संहिता के अनुपालन की भावना को दोहराया और सर्वसम्मति से संकल्प किया कि राज्य मंडलों/ परिषदों को पंजीकृत चिकित्साभ्यासी को पंजीयन का प्रमाणपत्र जारी करने से पूर्व इन विनियमों में संलग्न प्रपत्र "क" में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र प्राप्त करना चाहिए और पूर्व में पंजीकृत चिकित्साभ्यासियों से हस्ताक्षरित ऐसा ही घोषणा पत्र प्राप्त करने की रूप-रेखा तैयार करनी चाहिए।

आगे सुझाव दिया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा (क) चिकित्सीय नैतिक शिक्षण को पर्याप्त महत्व देने हेतु भारतीय चिकित्सा पद्धति की समस्त मान्य संस्थाओं, महत्वपूर्ण स्थानों पर घोषणा-पत्र देने के लिए समस्त चिकित्सीय संस्थानों और भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्साभ्यासियों (ग) समस्त स्तरों पर चिकित्सीय नैतिक आचरण के अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए सम्मेलन आयोजित करने हेतु राज्य मंडल / परिषदों (घ) सम्भव प्रचार माध्यमों से प्रचार करने हेतु (ड़) पंजीयन के प्रमाण-पत्र के साथ व्यवसायिक आचरण शिष्टाचार एवं आचार संहिता की प्रति देने के लिए (च) चिकित्साभ्यासियों द्वारा निम्न स्तरीय समाचार-पत्रों में विज्ञापनों का प्रकाशन प्रतिबन्धित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु निर्देश जारी किए जावें।

संयुक्त बैठकों ने शिक्षा के न्यूनतम मानकों के क्रियान्वयन करने सम्बन्धी कार्यक्रम लागू करने की भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद की नीति का समर्थन किया और सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि विहित मानदण्डों का अनुसरण नहीं करने वाली संस्थाओं को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्

अधिनियम 1970 की धारा 21 के अधीन सम्बन्धित स्वास्थ्य सचिवों, भारतीय चिकित्सा पद्धति के निदेशकों, और सम्बन्धित विश्वविद्यालयों को सूचना देते हुए नोटिस दिया जाय और आगे जोर दिया जाय कि किसी भी स्थिति में किसी भी विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की अनुमति तब तक नहीं दी जाय जब तक संस्था भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा स्नातकीय पाठ्यक्रम के लिए विहित मानदण्डों एवं मानकों को पूरा नहीं करती है।

यह भी निर्णय लिया गया कि केन्द्रीय परिषद् द्वारा अनुशंसित न्यूनत्तम आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को भारतीय चिकित्सा पद्धति के समस्त महाविद्यालयों द्वारा अपनाया जाय और उनका अनुसरण किया जाय ताकि समस्त भारत में शैक्षिक स्तर में एकरूपता को बनाया जा सके। राज्यों में भारतीय चिकित्सा के निदेशकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि अपेक्षित स्तर प्राप्त करने हेतु उनके राज्यों के महाविद्यालयों को पर्याप्त धन राशि उपलब्ध करवाई जाय। वास्तविक आवश्यकताओं के निर्धारण हेतु राज्य निदेशक समय - समय पर भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा संचालित परिदर्शन के अतिरिक्त महाविद्यालयों का आवधिक निरीक्षण करवाने का प्रबन्ध करें।

यह विचार व्यक्त किया गया कि केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा आयुर्वेद / सिद्ध /यूनानी के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर शिक्षा कार्यक्रम की अनुमति देने से पूर्व भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् की सहमति प्राप्त की जानी चाहिए।

भारतीय चिकित्सा के केन्द्रीय रजिस्टर का निर्माण एवं रख-रखाव केन्द्रीय परिषद् के मुख्य कार्यों में से एक है।

वर्ष 1986 तक का आसाम, हरियाणा, हिमाचल-प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, पश्चिमी बंगाल, आन्ध्र-प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, उड़ीसा और कर्नाटक की भारतीय चिकित्सा का केन्द्रीय रजिस्टर भारत के राजपत्र में प्रकाशित हो चुका है। गुजरात, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और बिहार राज्यों का केन्द्रीय रजिस्टर भारत के राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा जा चुका है।

केरल और उत्तर प्रदेश के राज्य रजिस्टर अभी तक निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण सूचना के साथ प्राप्त नहीं हुए हैं। इस कारण इन दोनों राज्यों का केन्द्रीय रजिस्टर अभी तक तैयार नहीं हो सका है। केरल राज्य का राज्य रजिस्टर मार्च, 1992 को प्राप्त हुआ है। केरल के केन्द्रीय रजिस्टर को तैयार करने का कार्य जुलाई 1992 तक पूरा हो जायेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य का राज्य रजिस्टर अभी तक निर्धारित प्रपत्र के अनुसार प्राप्त नहीं हुआ है। अतः उत्तर प्रदेश का केन्द्रीय रजिस्टर तैयार करना सम्भव नहीं है।

केन्द्रीय परिषद् द्वारा पहले ही जनवरी, 1987 से मार्च, 1991 तक के भारतीय चिकित्सा के केन्द्रीय रजिस्टर को तैयार करने से सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय परिषद् के परामर्श पर भारतीय चिकित्सा पद्धति की चिकित्सीय अर्हताओं को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की द्वितीय एवं चतुर्थ अनुसूची में समाविष्ट करने हेतु भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया है। वर्ष के दौरान विश्वविद्यालयों/संस्थाओं द्वारा प्रदत्त उनके सम्मुख उल्लिखित निम्न चिकित्सीय अर्हताओं को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की द्वितीय एवं चतुर्थ अनुसूची में समाविष्ट किया गया:-

द्वितीय अनुसूची

क्रम संख्या	प्रदाय निकाय का नाम	अर्हता का नाम		वर्ष
1.	हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला	आयुर्वेदाचार्य (बैचलर आफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एण्ड सर्जरी)	बी.ए.एम.एस.	1986 से 1992 तक।
2.	मंगलौर विश्वविद्यालय, मंगलौर	आयुर्वेदाचार्य (बैचलर आफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एण्ड सर्जरी)	बी.ए.एम.एस.	1985 से आगे।
3.	उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर	आयुर्वेद वाचस्पति एम.डी. (आयुर्वेद) (काय चिकित्सा)		1981 से 1989 तक।
4.	भारतीयार विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर	आयुर्वेदाचार्य (बैचलर आफ आयुर्वेदिक मेडिसन एण्ड सर्जरी) बी.ए.एम.एस.		1989 से 1993 तक।
5.	शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, जयपुर राज्य/राजस्थान सरकार, जयपुर	आयुर्वेदिक मेडिसिन एण्ड सर्जरी।		
		आयुर्वेद शास्त्री		1872 से 1968 तक।
		आयुर्वेदाचार्य		1874 से 1970 तक।
		भिषग्वर		1936 से 1968 तक।
		भिषगाचार्य		1938 से 1970 तक।

चतुर्थ अनुसूची

1.	देशी चिकित्सा संस्थान, कोलम्बो, विश्वविद्यालय, श्रीलंका।	बैचलर आफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एण्ड सर्जरी	बी.ए.एम.एस.	1991 से आगे।
		बैचलर आफ यूनानी मेडिसिन एण्ड सर्जरी	बी.यू.एम.एस.	1991 से आगे।
2.	जाफना विश्वविद्यालय, श्रीलंका	बैचलर आफ सिद्ध मेडिसिन एण्ड सर्जरी	बी.एस. एम.एस.	1989 से आगे।

केन्द्रीय परिषद द्वारा निर्धारित विभाग, शिक्षक वर्ग, छात्र-शैय्या अनुपात, प्रयोगशाला सुविधाएं, पुस्तकालय सुविधाएं, भवन, वनोषधि उद्यान, भैषज शाला, और आतुरालय सुविधाओं आदि से सम्बन्धित न्यूनतम स्तरों और आवश्यकताओं की उपलब्धता का निर्धारण करने के लिए परिषद् अपने परिदर्शकों के माध्यम से परिदर्शन द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति के महाविद्यालयों/ संस्थाओं के न्यूनतम स्तरों को बनाए रखती है।

प्रशासन और वित्त

केन्द्रीय परिषद् ने केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित विनियमों के अतिरिक्त भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के सदस्यों की शक्तियाँ और अधिकार के सम्बन्ध में प्रारूप विनियम को निम्नवत् अन्तिम रूप दिया :—

1. सदस्य परिषद् के कार्यकलाप आदि के संदर्भ में कार्यालय से पूर्व निर्धारण कर कार्यालय में उपस्थित होकर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।
2. सदस्य, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समिति के सभापति व पंजीयक तथा सचिव को पत्र लिखकर अपेक्षित जानकारी प्राप्त कर सकेंगें।

3. सदस्य को उनके प्रदेश में परिषद् द्वारा संचालित की जा रही परिषद् के दायित्व सम्बन्धी कार्यवाही से अवगत कराया जायेगा।
4. सदस्य, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के उद्देश्यों एवं प्रयोजनों को पूरा करने में सक्रिय रहेंगे।
5. सदस्य को बैठक की कार्यसूची व कार्यवृत्त यथा समय कार्यालय द्वारा भेजी जायेगी।
6. सदस्य, परिषद् व समितियों की बैठकों की कार्यवाही में उपस्थित होंगे, भाग ले सकेंगे व अपना अभिमत व्यक्त कर सकेंगे।
7. सदस्य सभा की कार्यवाही संचालन में अध्यक्ष के सहयोगी रहेंगे।
8. सदस्य परिषद् द्वारा समय-समय पर स्वीकृत अधिकार, कर्त्तव्य व सुविधा का उपयोग कर सकेंगे।
9. सदस्य अपने लैटर पैड पर अपने नाम के साथ परिषद् की सदस्यता व पदाधिकारी होने का उल्लेख कर सकेंगें।
10. सदस्य भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के कार्यालय को सूचना देकर अपने राज्य के सभी आयुर्वेद यूनानी सिद्ध अध्ययन संस्थाओं के कार्यकलापों की जानकारी के लिए स्वेच्छापूर्वक जा सकते हैं व इस क्रम में अपनी टिप्पणी यदि चाहें तो परिषद् के सचिव को भेज सकते हैं।
11. सदस्य अपने राज्य के आयुर्वेद विकास / विस्तार सम्बन्धी कार्यों पर स्वेच्छा से अपना प्रतिवेदन परिषद् के समक्ष रख सकते हैं।
12. सदस्य अपने क्षेत्र के शिक्षण संस्थाओं व अस्पतालों के सम्बन्ध में अपने प्रस्ताव व विचार यदि चाहें तो केन्द्रीय परिषद के कार्यालय को भेज सकते हैं।
13. प्रान्तीय राज्य मंडलों आदि में केन्द्रीय परिषद का प्रतिनिधित्व करने की दृष्टि से परिषद् के सदस्यों को मनोनीत किए जाने का प्रावधान राज्य अधिनियमों में किया जाना चाहिए।

केन्द्रीय परिषद् ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्णीत हिन्दी में टिप्पण / प्रारूप के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के कर्मचारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार देने के कार्यक्रम को निम्नवत अनुमोदित किया : —

प्रथम पुरस्कार	रु० 400/-
द्वितीय पुरस्कार	रु० 200/-
तृतीय पुरस्कार	रु० 150/-

केन्द्रीय परिषद ने दो निम्न श्रेणी लिपिकों (एक सामान्य और एक अनुसूचित) और एक अनुरेखक की नियुक्ति को अनुमोदित किया।

बजट के स्रोत

वर्ष 1991-92 के लिए परिषद् के द्वारा अनुमोदित और भारत सरकार द्वारा जारी स्वीकृत बजट

प्राक्कलन निम्न हैं :—

	गैर - योजना	योजना
1990-91 संशोधित प्राक्कलन (परिषद् द्वारा अनुमोदित)	21.36 लाख	10.28 लाख
1990-91 का संशोधित प्राक्कलन (मंत्रालय द्वारा जारी किया गया)	15.50 लाख	8.20 लाख
1991-92 का बजट प्राक्कलन (परिषद् द्वारा अनुमोदित)	28.80 लाख	10.30 लाख
1991-92 का बजट प्राक्कलन (मंत्रालय के द्वारा स्वीकृत)	15.50 लाख	7.50 लाख

केन्द्रीय परिषद् एक लघु संगठन है तथापि यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सावधानी रखी जाती है कि विभिन्न संवर्गों के लिए भारत सरकार द्वारा किया गया आरक्षण बनाए रखा जाए। केन्द्रीय परिषद् द्वारा 35 कर्मचारियों में से विभिन्न संवर्गों के लिए किया गया आरक्षण निम्नवत् है : —

अनुसूचित जाति	4
अनुसूचित जन जाति	2
विकलांग	2

भूतपूर्व सैनिक एक

कार्यालयः महा निदेशक लेखा परीक्षा,
केन्द्रीय राजस्व -I
नई दिल्ली - 110 002

सं० ओ. ए. डी IV/ एस. ए. आर. / सी.सी.आई.एम. / 92-93 दिनांक

सेवा में,

सचिव, भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली

विषय: — वर्ष 1991-92 के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, नई दिल्ली पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

महोदय,

मैं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद नई दिल्ली के वर्ष 1991-92 के प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति उसके लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र सहित संसद के पटल पर रखने के लिए संलग्न करता हूं।

संसद को प्रस्तुत दस्तावेजों की दो प्रतियां, उस तिथि को दर्शाते हुए जब ये संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाये।

कृपया पावती भेजें।

भवदीय

ह०/-

अनुलग्नक = यथोपरि

उप निदेशक लेखा परीक्षा
निरीक्षण-I

सं० ओ. ए. डी. 11/एस. ए. आर. / सी.सी.आई.एम. / 92-93/451 दिनांक 30.3.93

प्रति, प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति, उसके लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखा परीक्षा प्रमाणपत्र सहित सचिव, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्, नई दिल्ली को उनके पत्र सं० 10-13/91 लेखा दिनांक 15.3.93 के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही के लिए अग्रेषित की जाती है। वह तिथि जिसको शासी निकाय द्वारा प्रमाणित वार्षिक लेखे पर विचार किया गया है, संबन्धित दस्तावेजों सहित इस कार्यालय को सूचित किया जाए। प्रमाणित वार्षिक लेखे के हिन्दी रूपान्तर की पांच प्रतियां भी शीघ्र इस कार्यालय को भेजी जाए।

ह०

उप निदेशक लेखा परीक्षा (निरीक्षण II)

